वीडियो काफ्रेसिंग के माध्यम से की गई समीक्षा बैठक

(ऑडिशन टाइम्स)

शाहजहाँपुर। कोविड-19 के दृष्टिगत में मा.सचिव नगर विकास द्वारा नगर निगम के अधिकारियो के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की गई समीक्षा बैठक। मा.सचिव, नगर विकास द्वारा नगर में चल रहे सेनेटाइजेशन के कार्य को संतोषजनक पाया गया। मोहल्ला निगरानी समिति को सक्रिय किये जाने के दिये निर्देश। समीक्षा बैठक में कोविड-19 के संकरमण को ध्यान में रखते हुये नगर में कराये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत सेनेटाइजेशन, फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव, संचारी रोग अभियान एवं मोहल्ला निगरानी समिति पर जोर दिया गया। वीडियो क्रान्फेसिंग के माध्यम से नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि नगर निगम क्षेत्र में कोविड-19 के संक्रमण के रोकथाम के लिये नगर निगम द्वारा सेनेटाइजेशन, फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव एवं सफाई का कार्य व्यापक स्तर पर कराया जा रहा है। इसके साथ ही अवगत कराया गया कि नगर में कोविड-19 के दृष्टिगत मोहल्ला निगरानी समिति को सक्रिया किया गया है, साथ ही निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रो में बाहर से आने वाले प्रवासी व्यक्तियो पर निगरानी रखे एवं पल्स ऑक्सीमीटर तथ इन्फ्रा थर्मामीटर से उनकी जॉच करे। कोविड-19 के लक्षण पाये जाने पर कोविड-19 जॉच कराये व नोडल अधिकारी को अवगत कराये, जिससे क्षेत्र के व्यक्तियो को कोविड-19 के सकंमण से बचाया जा सके। वीडियो कान्फेसिंग के माध्यम से मा.सचिव, नगर विकास द्वारा कि मोहल्ला निगरानी समितियो को सक्रिय किये जाने एवं कोविड-19 से बचाव हेतु दवाईयाँ उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इस मौके पर नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.ओ.पी.गौतम एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।